दैनिक भास्कर
11-Jan-2020
हाजीपुर Page 1

जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 12 को बूथों पर कैंप लगाकर लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा

सिटी रिपोर्टर | हाजीपुर

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार मतदाता सूची की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2020 के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 12 जनवरी को विशेष अभियान दिवस के रूप में जिला के 8 विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथ पर कैम्प लगाकर मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ी जाएगी।

इसके लिए जिला उप निर्वाचक पदाधिकारी अनिल कुमार राय ने अभियान के तहत 2423 बीएलओ को अपने अपने बूथ पर कैम्प लगाकर 1 जनवरी 2020 को 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए सभी प्रकार के फर्म के साथ उपस्थित रहने को कहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेश के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और शुद्धि के लिए 15 जनवरी तक आवेदन लिया जाएगा। इससे पूर्व बीते 16 दिसंबर को ही मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम पूरा करने के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीडीओ और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार व अभियान चलाने का निर्देश दिया है। आठ विधानसभा क्षेत्र में 24 लाख 1 हजार 973 मतदाताओं का नाम दर्ज है। विभाग ने कैम्प लगाकर 3 लाख नए मतदाता का नाम जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कैम्प में 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए प्रारूप 6 में भरकर जमा करें। यदि किसी मतदाता का नाम निर्वाचक सूची में एक से अधिक जगह प्रविष्ट है या व्यक्ति मृत हो चुका है, तो वैसे व्यक्ति के संबंध में प्रारूप 7 में भरकर विलोपित करवा सकते हैं। निर्वाचक सूची में यदि किसी व्यक्ति के नाम अथवा अन्य प्रविष्टि में कोई त्रुटि है तो वैसे व्यक्ति प्रारूप-8 में भरकर संशोधित करवा सकते हैं। 7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जायेगा।

चर्चा करते अधिकारी।